कृपा कर दो दया कर दो लाड़ली श्री राधे भजन लिरिक्स

कृपा कर दो दया कर दो,
लाड़ली श्री राधे,
अखिल आराधिनी श्री राधे,
जगत स्वामिनी राधे,
कृपा करदो दया करदो,
लाड़ली श्री राधे।bd।

लजाती सी लुभाती सी,
मधुर मनमोहिनी राधे,
रसिक रस रागिनी राधे,
चमकती चाँदनी राधे,
हर विपदा मेरी हर लो,
लाड़ली श्री राधे,
कृपा करदो दया करदो,
लाड़ली श्री राधे।bd।

लताओं सी छटाओं सी,
दमकती दामिनी राधे,
मगन मनभाविनी राधे,
सिंधु भव तारिणी राधे,
जीवन को सफल कर दो,
लाड़ली श्री राधे,
कृपा करदो दया करदो,
लाड़ली श्री राधे।bd।

कविता वेद ग्रंथों सी,
कंवल सी शोभिनी राधे,
लहर 'लहरी' की श्री राधे,
सफल सुविचारिणी राधे,
मुझ पर भी नजर कर दो,
लाड़ली श्री राधे,
कृपा करदो दया करदो,
लाड़ली श्री राधे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कृपा कर दो दया कर दो,
लाड़ली श्री राधे,
अखिल आराधिनी श्री राधे,
जगत स्वामिनी राधे,
कृपा करदो दया करदो,
लाड़ली श्री राधे।bd।

Singer – Uma Lahari Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com